मध्य प्रदेश में रेलवे से जुड़े जिला मुख्यालय

888. श्री राधाकिशन मालवीय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के उन जिला मुख्यालयों के नाम क्या हैं, जिन्हें रेल सेवा से नहीं जोड़ा गया है और इन्हें रेल सेवा से कब तक जोड़ दिए जाने की संभावना है ; और

(ख) क्या सरकार ने ऐसी कोई योजना तैयार की है, जिसमें चरणबद्ध तरीके से जिला मुख्यालयों को रेल सेवा से जोड़ा जाएगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) मध्य प्रदेश में निम्नलिखित जिला मुख्यालय रेल नेटवर्क द्वारा सम्बद्ध नहीं है :

1. झबुआ
2. धार
3. राजगढ़
4. खरगौन
5. टीकमगढ़
6. छतरपुर
7. पन्ना
8. रीवा
9. सिधी
10. सरगुजा
11. रामसेन
12. मण्डला

बहरहाल 1991-92 के दौरान सतना-रीवा नयी बड़ी लाइन के पूरा हो जाने पर रेल नेटवर्क से रीवा जिला जोड़ दिया जायेगा और गोधरा-दाहोद इंदौर और देवास-मक्सी नयी लाइन परियोजना के पूरा हो जाने पर झबुआ एवं धार जिला मुख्यालय को रेल नेटवर्क के साथ जोड़ दिया जायेगा।

(ख) जी नहीं।

बिलासपुर रेलवे मण्डल के अन्तर्गत तीसरी रेल-लाइन का बिछाया जाना

889. श्री लक्खीराम अग्रवाल : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार बिलासपुर रेलवे मण्डल के अन्तर्गत तीसरी रेल लाइन बिछाने का विचार रखती है ; और

(ख) यदि हां, तो उन स्थानों के नाम क्या हैं जिनके मध्य इस रेल लाइन के बिछाए जाने का प्रस्ताव है और इस परियोजना संबंधी कार्य के कब तक शुरू हो जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी हां।

(ख) 36 करोड़ रुपये की लागत पर बिलासपुर और अकलतरा (27 कि.मी.) के बीच रेल लाइन बिछाने का प्रस्ताव है। 1991-92 के रेल बजट को संसद द्वारा अनुमोदित कर दिए जाने के बाद कार्य शुरू किया जाएगा।

Construction of Railway Bridge at Vasco da Gama, Goa

889. SHRI JOHN F. FERNANDES: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the request of Goa Government to construct a railway bridge for local traffic at Vasco da Gama, Goa; and

(b) if so, what is the position of this matter, when it was sanctioned and how long would it take to implement it?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) Yes, Sir. The Government of Goa has requested for construction of a road-overbridge at Km 106/5-6 between Dabolim and Vasco-da-gama stations, on deposit terms.

(b) The plan for the work has been finalised in consultation with the State